BCM SCHOOL, BASANT AVENUE, DUGRI

CLASS-III SESSION 2025-26

(SUBJECT- HINDI). (PAPER PATTERN ASSIGNMENT)

(1) निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़ कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

सुमित एक होशियार और समझदार लड़का है वह हर सुबह जल्दी उठता है और स्कूल जाने की तैयारी करता है सुमित अपनी किताबों को अच्छे से संभाल कर रखता है वह अपने स्कूल के सभी विषयों में अच्छा है, लेकिन उसे सबसे ज़्यादा हिंदी पसंद है स्कूल से आने के बाद सुमित पहले खाना खाता है, फिर होमवर्क करता है शाम को वह पार्क में दोस्तों के साथ खेलता है वह अपने माता-पिता की हर बात मानता है और उनकी मदद भी करता है सभी लोग उसकी तारीफ़ करते हैं

1. सुमित किस प्रकार का लड़का है?

(क) आलसी (ख) समझदार (ग ) गुस्सैल

2. सुमित को कौन-सा विषय सबसे ज़्यादा पसंद है?

(क) गणित (ख) हिंदी (ग) विज्ञान

3 रेफ ' र' वाला शब्द कौनसा है?

(क)पार्क (ख) होशियार (ग) तैयारी

4.' नालायक ' शब्द का विलोम शब्द__है

(क) आलसी (ख) होशियार (ग) मूर्ख

5. _____जातिवाचक संज्ञा का उदाहरण है

(क)हिंदी (ख)सुमित (ग) लड़का

(2) सही विकल्प चुनो-

1- विद्यालय में आज संगीत _____होगा

पर्वत ( ) कार्यक्रम सूर्य ( )

2- त्+र के मेल से ______ बनता है

श्र ( ) क्ष ( ) त्र ( )

3- वर्णमाला में ____ व्यंजन हैं

4 ( ) 11( ) 33()

4- मैं ताजमहल देखने गया - इस वाक्य में व्यक्तिवाचक संज्ञा है

ताजमहल (  ) मै ( ) गया ( )

5- खिड़की शब्द _____ है

स्त्रीलिंग (  ) पुल्लिंग (  ) वचन (  )

(3) रेखांकित शब्द का विलोम शब्द लिखें-

1- मिंटू बहुत निडर है, लेकिन पिंटू डरपोक है

(4) रेखांकित शब्द का लिंग बदलकर वाक्य दोबारा लिखें-

1- माली पौधों को पानी दे रहा है

मालिन पौधों को पानी दे रही है

(5) निम्नलिखित वाक्यों में से व्यक्तिवाचक तथा जातिवाचक संज्ञा छाँट कर लिखो-

1- मोहन बाज़ार से फल लाया

व्यक्तिवाचक. मोहन

जातिवाचक बाज़ार, फल

(6) सही वचन चुन कर लिखें-

1- आसमान में तारे चमक रहे हैं (तारा / तारे )

(7) शब्दों में लिखकर खाली स्थान भरो-

ग्यारह से पहले दस आता है

उन्नीस से पहले अठारह आता है

(8) सभी जानवर शेर के पास पहुँचे और रोने- बिलखने लगे और बोले ,"महाराज आप तो जानते ही हैं ,कि इस साल भी पानी नहीं बरसा इस अकाल की स्थिति में हमारे खाने के लिए कुछ भी नहीं बचा है हमारे बच्चे भूखे -प्यासे हैं क्या करें ?सभी पक्षी तो उड़ गए ,हम कहाँ जाएँ ?आप महाराजा हैं ,आप हमारे लिए कुछ प्रबंध करें "

प्रश्न सभी जानवर शेर के पास पहुँच कर क्या करने लगे ?

उ०- सभी जानवर शेर के पास पहुँच कर रोने -बिलखने लगे

प्रश्न 2 कौनसी स्थिति में खाने के लिए कुछ नहीं बचा ?

उ०- अकाल अकाल की स्थिति में खाने के लिए कुछ नहींबचा

प्रश्न 3 गद्यांश में से कोई दो संज्ञा शब्द ढूँढकर लिखो

उ०- 1 जानवर 2. शेर

प्रश्न 4 गद्यांश में से ढूँढकर वचन बदलें-

उ० 1. बच्चा - बच्चे 2. प्यासा - प्यासे

(9 ) निम्नलिखित शब्द का अर्थ लिखकर वाक्य बनाओ-

1.परिश्रम- मेहनत

वाक्य. -____________________________________

2.आविष्कार- खोज

वाक्य - ____________________________________

________________________________________

(10) किसने किससे कहा-

(क) तुम इन चार दानों से जंगल के सभी जानवरों का पेट भरना चाहती हो
हाथी ने चींटी से

(11) है’ या ‘ हैं’ लिखकर वाक्य पूरे कीजिए-

(क) पिताजी बाज़ार जा रहे <u>हैं</u>

(ख) आज मेरा जन्मदिवस <u>है</u>

(12) समान लय वाले शब्द लिखें

(क) (क) सूखा भूखा ,रूखा

(13) वृक्षों का महत्व (कोई छह पंक्तियाँ लिखो)

(संकेत - शब्द जीवन , ऑक्सीजन ,फल-फूल ,वर्षा,रक्षा,ज़रूरी)

1

2

3

5.

6.

(14) चित्र को देखकर वाक्य पूरा करो



संकेत— - (लड़की,उड़,पार्क,पतंग,कुरसी )

1.यह एक पार्क  का चित्र है

2.बच्चे पतंग  उड़ा रहे हैं

3.आसमान में पक्षी उड़ रहे हैं

4 लड़की रस्सी कूद रही है